CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:19 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 288 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 16 मई 2025

जेठानी की शूटिंग शुरू, बतौर हीरो...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### महिला ने गटका कीटनाशक, अस्पताल में भर्ती

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती पंगोट निवासी एक महिला ने बीरवार को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया जिसके बाद परिजनों की ओर से उसे उपचार के लिए नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल लाया गया और अपचार के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी में मौजूद डा. नेहा कांडपाल ने बताया कि पंगोट गांव निवासी 38 वर्षीय धना देवी ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक गटक लिया जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल लाए और उपचार के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### युवक पर छेड़छाड़ व इंस्टाग्राम पर बदनाम करने की धमकी का आरोप

**हल्द्वानी।** बनभूल पूरा में रहने वाली एक युवती नेअपने सहपाठी युवक पर छेड़छाड़ और इंस्टाग्राम पर बदनाम करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बनभूलपुरा थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नीरज भाकुनी ने बताया कि युवक्ति के साथ पढ़ने वाला युवक उसके पीछे काफी दिनों से पड़ा था। युवक की दोस्ती ठुकराने पर इंस्टाग्राम पर धमकाने और बदनाम करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने आजाद नगर बनभूलपुरा निवासी साकिब खान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि साकिब स्कूल में उसके साथ सहपाठी था और अब वह इस समय उच्च शिक्षा की तैयारी कर रही है। आरोप है कि साकिब काफी समय से उसे परेशान कर रहा है। उसका रास्ता रोकता और अभद्र कमेंट करता है। उसके परिजनों से भी शिकायत की, लेकिन वह नहीं माना। बीते दिनों वह प्रवेश पत्र निकालने सीएससी सेंटर पर गई तो आरोपी वहां आकर धमकाने लगा। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कश्मीर में बड़ी साजिश नाकाम, दो ऑपरेशन में छह आतंकी ढेर

**जम्मू**

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में पिछले 48 घंटों में दो बहुत सफल ऑपरेशन किए गए हैं। केरन और त्राल इलाकों में किए गए ऑपरेशन में कुल छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। एनकाउंटर पर सेना और पुलिस ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी है।

कश्मीर में सुरक्षाबलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। दो ऑपरेशन में छह आतंकियों को मार गिराया है। सभी आतंकी ऊंचाई वाले इलाकों में छिपे थे। सेना और पुलिस की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई है। हाल के आतंकवाद विरोधी अभियानों पर आईजीपी कश्मीर वीके बिरदी ने कहा पिछले 48 घंटों में, हमने दो बहुत सफल ऑपरेशन किए हैं। ये दो ऑपरेशन केरन और त्राल इलाकों में किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कुल छह आतंकवादी मारे गए। हम यहां आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केलार और त्राल इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर वी फोर्स के जीओसी मेजर जनरल धनंजय जोशी ने कहा कि 12 मई को हमें केलार के ऊंचे इलाकों में एक आतंकवादी समूह की संभावित मौजूदगी की सूचना मिली थी। 13 मई की सुबह कुछ हलचल का पता चलने पर हमारे दलों ने आतंकवादियों को चुनौती दी, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी की। हमारे दलों ने उन्हें मार गिराया। उन्होंने बताया कि त्राल इलाके में दूसरा ऑपरेशन एक सीमावर्ती गांव में किया गया। जब हम इस गांव की घेराबंदी कर रहे थे, तो आतंकवादी अलग-अलग घरों में छिप गए और हम पर गोलीबारी की। इस समय हमारे सामने चुनौती थी कि हम आम ग्रामीणों को बचाएं। इसके बाद तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए छह आतंकवादियों में से एक शाहिद कुट्टे दो बड़े हमलों में शामिल था, जिसमें एक जर्मन पर्यटक पर हमला भी शामिल था। वह गतिविधियों को वित्तपोषित करने में भी शामिल था।



फिर दिल्ली जाएंगे मुख्यमंत्री धामी

# प्रदेश के तीन बड़ी बैठकों की तैयारी में जुटी प्रदेश सरकार



**देहरादून**

हमारे संवाददाता

प्रदेश सरकार इस महीने होने बैठकों की तैयारी में जुटी है। बैठक खत्म होने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी अहम बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली जाएंगे। प्रदेश सरकार के लिए इस महीने का तीसरा हफ्ता महत्वपूर्ण बैठकों के लिहाज से खासा व्यस्तता भरा होने वाला है। इस हफ्ते 16वें वित्त आयोग की टीम उत्तराखंड पहुंचेगी तो वन नेशन वन इलेक्शन पर सुझाव लेने के लिए संयुक्त संसदीय समिति भी आएगी। देहरादून में बैठकों के दौर खत्म होंगे तो सीएम पुष्कर सिंह धामी नीति आयोग की अहम बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली जाएंगे। प्रदेश सरकार इन सभी बैठकों की तैयारी में जुटी है।

अगले पांच वर्षों के लिए राज्यों को मिलने वाले अनुदान और करों में हिस्सेदारी के निर्धारण के लिए अहम 16वें वित्त आयोग की टीम 18 मई को देहरादून आएगी। इस दिन मुख्यमंत्री टीम को रात्रिभोज देंगे। अगले दिन 19 मई को आयोग की टीम देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेगी। राज्य सरकार की ओर से आयोग के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। पत्रकार वार्ता करेगी और शहरी स्थानीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधियों के भी सुझाव लेगी। 20 मई को आयोग की टीम प्रदेश का दौरा करेगी। आयोग के टीम के समक्ष राज्य का पक्ष रखने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों की बैठकें हो रही हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सड़क हादसे में बाइक पर सवार दो भाई घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक रम्पुरा वार्ड 22 निवासी 29 वर्षीय प्रकाश पाल पुत्र राधेश्याम पाल अपने रिश्तेदार विक्की पाल के साथ बाईक से गुरुवार शाम को ब्लाक रोड से आ रहे इसी बीच बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और दोनों घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इसी दौरान गश्त कर रहे चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह को सूचना मिली और मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्रकाश पाल ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग पहुंचे। प्रकाश पाल की मौत की खबर सुनकर कोहराम मच गया। सूचना पर एसआई देवेन्द्र मेहता ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के एक वर्ष का बेटा है। परिवार में कोहराम मच गया। इधर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल,छेदा लाल पाल समेत अन्य सहित अनेक लोग मोर्चरी पहुंचे। उन्होंने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### मारपीट में घायल करन की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**रुद्रपुर।** पिछले दिनों ट्रांजिट कैंप में मारपीट की घटना में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय करन कश्यप पुत्र राजेंद्र को ट्रांजिट कैंप में कुछ दबंगों ने घेर कर बेहरमी से पीटा था। उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए थे। वहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मृतक के छोटे भाई सन्नी ने बताया कि भाई को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से चिकित्सकों ने अन्यत्र स्थान के लिए ले जाने की सलाह दी। भाई को एम्स ऋषिकेश लेकर जा रहा था। भाई की रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर ट्रांजिट कैंप थाने से एसआई महेश कांडपाल,एसआई अकरम अहमद मय पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। ट्रांजिट कैंप थाने के प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# कैंची धाम बाईपास के लिये वन भूमि प्रस्ताव को मिली सैद्धांतिक स्वीकृति

**भवाली**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कैंची धाम के आस पास एन0 एच0 109 ई0 में वाहनों के अत्यधिक दवाव व जाम के दृष्टिगत सुगम व सुरक्षित यातायात हेतु वर्ष 2023 में कैंची बाईपास मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा की गयी थी। 19 की.मी. लम्बे कैंची धाम बाईपास मोटर मार्ग में शिप्रा नदी पर एक सेतु का भी निर्माण किया जाना है, जिसके प्रथम 8 किमी के निर्माण/चौड़ीकरण डामरीकरण हेतु रु 1214.71 लाख की धनराशि भी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करायी गयी है। मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अवशेष 11.00 किमी0 मोटर मार्ग में वन भूमि आने के कारण वन भूमि प्रस्ताव ऑनलाइन गठित कर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार को वन भूमि हस्तान्तरण हेतु प्रेषित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा किये गये विशेष प्रयासों से आर इ सी की बैठक मे पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण की सहमति प्रदान कर दी गयी है। शीघ्र ही मार्ग निर्माण हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। कैंची धाम में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत यातायात की सुगमता के लिये मुख्यमंत्री द्वारा यहां बाईपास निर्माण की घोषणा की गई थी साथ ही वन भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति के लिये पिछले सप्ताह केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री से भेट कर इनकी स्वीकृति का अनुरोध किया था।

### पुलिस और एएनटीएफ टीम ने यूपी के नशे के सौदागर दबोचे

**रुद्रपुर।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे संघन चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस और एएनटीएफ टीम ने यूपी के दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से भारी मात्रा में हेरोइन समेत नगदी बरामद की। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की रात एएनटीएफ टीम क्षेत्र में नशे की रोकथाम को चेकिंग रहे। टीम काशीपुर रोड ब्लाक रोड पर पहुंची तो बाईक पर पुलिस को देख घबरा गया और बाईक मोड़ कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर बाईक सवार दो लोगों को दबोच लिया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम राजकुमार पुत्र रामोतार, राहुल शर्मा पुत्र उमेश शर्मा बताया।

# चौफला चौराहा से हैड़ाखान पनियाली रोड तक अतिक्रमण की जांच

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के क्रम में, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह, तहसीलदार मनीषा बिष्ट तथा सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मनोज तिवारी द्वारा चौफला चौराहा से हैड़ाखान पनियाली रोड तक नाले एवं सड़क पर अतिक्रमण की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान लगभग 1.5 किमी क्षेत्र में नाले एवं सड़क पर अतिक्रमण चिह्नित किए गए। कई आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाया गया। सिंचाई विभाग द्वारा इस मार्ग पर पक्का नाला निर्माण की योजना बनाई जा रही है, ताकि आवासीय क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को रोका जा सके। टीम द्वारा कुल 16 अतिक्रमित संरचनाओं पर निशान लगाए गए। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे एक सप्ताह के भीतर स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा प्रशासन द्वारा सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण क्षेत्र का सर्वेक्षण आगामी दो दिनों में पूर्ण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम भी उपस्थित रही।



# बार काउंसिल के समितियों का गठन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

बार कौंसिल ऑफ इंण्डिया ने उत्तराखंड बार कौंसिल का कार्यकाल पुन: बढ़ा दिया है, जिसके बाद राकेश गुप्ता उत्तराखंड बार कौंसिल के चैयरमैन बनाए गए हैं साथ अन्य समितियों का भी गठन कर दिया है ।

बता दें कि वर्तमान में डा. महेन्द्र पाल सिंह उत्तराखंड बार कौंसिल के अध्यक्ष थे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन द्वारा 10 मई 2025 को जारी आदेश के अनुसार अधिवक्ता अधिनियम- 1961 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा बार कौंसिल ऑफ इण्डिया सत्यापन नियम- 2015 के नियम 32 के अनुपालन में उत्तराखण्ड बार कौंसिल के प्रभावी कामकाज और प्रशासन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिसके तहत राकेश गुप्ता उत्तराखण्ड बार कौंसिल के चेयरमैन होंगे जबकि कुलदीप सिंह को वाइस चेयरमैन व मेहरमान सिंह



कोरंगा को पुन- सदस्य सचिव बनाया गया है। इन पदाधिकारियों ने बीरवार को सुखपाल सिंह पूर्व चेयरमैन, अर्जुन सिंह भण्डारी पूर्व चेयरमैन, नन्दन सिंह कन्याल पूर्व वाइस चेयरमैन व कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया प्रमाण पत्र और अभ्यास स्थान (सत्यापन) नियम 2015 का नियम 32 मुख्य रूप से राज्य बार काउंसिल के सदस्यों के कार्यकाल के विस्तार से संबंधित है जब कोई चुनाव नहीं हो पाया हो । यह नियम बीसीआई को राज्य बार काउंसिल के सदस्यों के कार्यकाल को एडवोकेट एक्ट- 1961 द्वारा निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाने की अनुमति देता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य बार काउंसिल का कामकाज सुचारू रूप से जारी रहे।

# कल होगा शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सम्मान देने के उद्देश्य से 'शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा' का आयोजन 17 मई, शनिवार को किया जाएगा। यह यात्रा हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरेगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी चंदन बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं शामिल होंगे। उनके नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और दायित्वधारी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और स्थानीय प्रशासन एवं पार्टी कार्यकर्ता मिलकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं। भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशनट्ठसिंदूर चलाकर आतंकवाद के विरुद्ध की गई निर्णायक और साहसी कार्रवाई को नमन करते हुए हल्द्वानी में आयोजित होने वाली 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' के निमित्त कुमाऊं संभाग भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ओर जिला प्रभारी राजेश



कुमार द्वारा जिला पदाधिकारीयो के साथ रचना योजना बैठक की गई।

# दिवा शाह को क्रांस के कान्स फिल्म फेस्टिवल में बैस्ट स्क्रिप्ट राइटर पुरस्कार

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल की फिल्म डायरेक्टर बेटी दिवा शाह को क्रांस के कान्स फिल्म फेस्टिवल में बैस्ट स्क्रिप्ट राइटर का पुरुस्कार मिलने से शहरवासियों में खुशी का माहौल है। दिवा पहले भी अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बैस्ट डेब्यू स्क्रिप्ट राइटर का खिताब जीत चुकी हैं।

नैनीताल की लेखिका और निर्देशक दीवा शाह यहीं से अपना फि ल्म निर्माण का काम करती हैं। उन्होंने ब्रिटेन के प्रतिष्ठित डरहम विश्वविद्यालय से क्रिएटिव राइटिंग की पढ़ाई की है। उनकी पहली फ ीचर फि ल्म बहादुर द ब्रेव का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 में 71वें सैन सैबेस्टियन इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल में हुआ था। इस फिल्म के लिए उन्होंने कुटक्साबैंक न्यू डायरेक्टर्स अवार्ड जीता। दिवा यह पुरस्कार जीतने वाली पहली भारती डैब्यू डायरेक्टर बनी थी। इसने जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में सिल्वर गेटवे अवार्ड भी जीता था। दिवा इन दिनों भारत में रह रहे तिब्बती शरणार्थियों की तीसरी पीढ़ी के बारे में आधारित क्याब दृ रिफ्यूज पर काम कर रही हैं।



इस पुरुष्कार को पाने वाले पेरिस में अपने साढ़े चार माह के प्रवास के दौरान अपनी फ ीचर फिल्म परियोजना के लेखन पर काम करते हैं। पेशेवरों के साथ बैठकें करते हैं और फेस्टिवल डी कान्स के सहयोग से अपनी परियोजना को सह.निर्माण की स्थिति में लाने का प्रयास करते हैं। वर्तमान में चल रहे 78वें कान फि ल्म महोत्सव में सीएनसी मंडप में पुरस्कार समारोह और रेजीडेंसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिवा शाह की स्क्रिप्ट क्याब को साल की सबसे बेहतरीन स्क्रिप्ट से नवाजा गया। दिवा नैनीताल निवासी सिनेमेटाग्राफ र राजेश शाह और डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर नैशनल अवार्ड विनर शालिनी शाह की बेटी हैं। दिवा की शिक्षा नैनीताल के आल सेंटस स्कूल से हुई है।

## NEWS / फटाफट

### 14.75 ग्राम स्मैक समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नशे का कारोबार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है हालांकि पुलिस आए दिन नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर इन तस्करों को जेल की हवा भी खिला रही है लेकिन फिर भी नशे की तस्करी करने वालों का मक्कड़ जाल फैलता ही जा रहा है। पुलिस ने बीती रात हजारों रुपए की स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी अपने दलबल के साथ इंद्रा नगर के दुर्गा मंदिर के पास बीती रात गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जब पुलिस ने उसे आवाज देकर रुकने के लिए कहा तो वह और तेज भागने लगा पुलिस में घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया और उससे से पूछताछ की और उसकी तलाशी तलाशी के दौरान उसके पास से 14.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। तस्कर में अपना नाम पुलिस को शाहरुख पुत्र अमीर अहमद निवासी इंदिरा नगर बरसाती बताया उसने पुलिस को बताया कि वह स्मैक बाहरी बरेली किच्छा आदि स्थानों से सस्ते दामों पर खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर बेचता है। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि शाहरुख के खिलाफ थाने में कई मामले पंजीकृत हैं और वह पहले भी जेल जा चुका है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### छात्र छात्राओं को सहजयोग ध्यान की विस्तृत जानकारी दी



**नैनीताल ।** सहजयोग संस्था की ओर से आयोजित आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम में सनवाल स्कूल मल्लीताल में कर्नल वीरेन्द्र तिवारी ने 500 छात्र छात्राओं और 15 शिक्षकों को सहजयोग ध्यान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहजयोग हमारे मनोवैज्ञानिक, शारिरिक व आध्यात्मिक समझ में सुधार करता है और मानसिक संतुलन और निरोग शरीर मिलता है। इस दौरान स्कूल की प्रिंसपल डिंपल इमेनुअल, तृप्ति तिवारी, बिशना शाह, डॉ वीरेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पेरेन्ट एसोसिएसन व चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएसन की गोष्ठी




**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित लॉगव्यू पब्लिक स्कूल में बीरवार को पेरेन्ट एसोसिएसन व चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएसन की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में युवाओं में ड्रग्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई। बच्चों को नशे से दूर रखने सुझाव दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

### वाहनों के लिए प्रवेश शुल्क बूथ उद्घाटन किया



**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग स्थित बारापत्थर में वाहनों के प्रवेश के लिए प्रवेश शुल्क बूथ का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बीरवार को मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बूथ में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की ओर से जारी आदेशों के क्रम में नगर पालिका परिषद नैनीताल की ओर से शुल्क बूथ बनाया गया है,कहा कि यहां वाइफ ाई की सुविधा उपलब्ध करा दी है। ठंड के मौसम में हीटर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर सभासद मुकेश जोशी, भगवत रावत, काजल आर्या, गीता उप्रेती, लता दफ ौटी तथा हिमांशु चंद्रा व दीपक आदि मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# यूनिवर्सल कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

यूनिवर्सल कान्वेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हाईस्कूल के विद्यार्थी हदीसा ने 98 प्रतिशत, अनुष्का कोली ने 96.4 प्रतिशत और सात्विक उप्रेती ने 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये। इंटरमीडिएट में दिवस पाठक ने 98.2 प्रतिशत, मनस्वी पांडे ने 97 प्रतिशत और देवेश जोशी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यार्थियों की प्रतिभा पर स्कूल प्रबंधन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार जोशी, प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू जोशी व शिक्षकों ने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया।








# नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट नैनीताल की कार्यकारिणी गठित


नैनीताल
हमारे संवाददाता

नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट (इंडिया) नैनीताल के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष गौरव जोशी ने नगर कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है।

अध्यक्ष गौरव जोशी ने बताया कि नगर महामंत्री अजमल हुसैन सिद्दीकी को बनाया गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश सागर व उपाध्यक्ष अमित पडलिया भीमताल, सुरेश कांडपाल और प्रदीप कुमार (धारी) को मनोनीत किया गया है।

इसके अतिरिक्त सचिव कैलाश नेगी (गरमपानी), संगठन मंत्री मुनिब उर रहमान, उप सचिव नीरज जोशी (भवाली) और कोषाध्यक्ष गणेश कांडपाल को नियुक्त किया गया है। संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र पांडेय रवि को बनाया गया है, साथ ही कैलाश जोशी, कांता पाल, नीरज तिवारी,









इंद्र सिंह नेगी तथा तनुज पांडे को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी बनने पर राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, प्रदेश के मुख्य संरक्षक संजय तलवार, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन चंद्र जोशी, कुमाऊं प्रभारी दिनेश जोशी, जिलाध्यक्ष अजमल हुसैन फौजी, जिला महासचिव राजू पांडेय सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि वह संगठन हित में अपना योगदान देंगे।

# अभिमत



## अनावश्यक विवाद

***सच यह है कि जातीय जनगणना अनावश्यक विवाद है। सांख्यिकी विशेषज्ञ जानते हैं कि हर दस साल में होने वाली जनगणना में देश के एक-एक नागरिक की शिक्षा, भाषा, बोली, शारीरिक बनावट, रोग, आनुवंशिक लक्षण, कारोबार, आय, बच्चों की संख्या, पलायन, निजी आवास, किरायेदारी, विवाहित-अविवाहित, उद्योग, निजी व्यापार आदि दर्जनों आंकड़े एकत्र किये जाते हैं। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सरकार योजनाओं को बनाती है।***

प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। कई पार्टियों ने समर्थन किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब भाजपा के साथ नहीं थे, तो जातीय जनगणना के आंकड़े जारी किये गये। दलबदल कर अब नीतीश कुमार भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस जातीय जनगणना को चुनाव में भुनाना चाह रही थी। भारतीय जनता पार्टी ने गहन अध्ययन के बाद जनगणना में जातीय गणना को शामिल करने का फैसला किया है। अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पलटवार करते हुए कह रहे हैं कि उनकी पार्टी के दबाव से सरकार ने यह फैसला किया है। सच यह है कि जातीय जनगणना अनावश्यक विवाद है। सांख्यिकी विशेषज्ञ जानते हैं कि हर दस साल में होने वाली जनगणना में देश के एक-एक नागरिक की शिक्षा, भाषा, बोली, शारीरिक बनावट, रोग, आनुवंशिक लक्षण, कारोबार, आय, बच्चों की संख्या, पलायन, निजी आवास, किरायेदारी, विवाहित-अविवाहित, उद्योग, निजी व्यापार आदि दर्जनों आंकड़े एकत्र किये जाते हैं। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सरकार योजनाओं को बनाती है। जनगणना के आंकड़े अर्थव्यवस्था तथा जनहित व राष्ट्रहित की बुनियाद होते हैं। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण वर्ष 2021 में होने वाली जनगणना स्थगित कर दी गई। वर्ष 2031 की जनगणना में जातीय गणना के आंकड़े आयेंगे। आंकड़ों का नीतिगत सदुपयोग होगा। हालांकि चुनाव के दौरान मतदाता सूची के आधार पर हर निर्वाचन क्षेत्र में किस जाति के कितने वोटर हैं, मीडिया द्वारा आंकड़े पेश किये जाते हैं। जातिवाद की नफरत फैलाने के मामले में कोई भी राजनीतिक दल दूध का धुला नहीं है। पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक सभी पार्टियां अमुक निर्वाचन क्षेत्र में जाति विशेष के मतदाताओं की संख्या अधिक होने के आधार पर उसी जाति का प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारती हैं। गली-मोहल्ले, कालोनी में किस जाति के कितने लोग हैं, हर व्यक्ति उंगलियों पर गिनकर बता देता है। स्कूलों की कक्षा में किस जाति के कितने छात्र हैं, पता होता है। बच्चे के नाम के साथ जाति सूचक शब्द से जातिवाद की शुरुआत होती है। विश्वनाथ प्रताप सिंह जब प्रधानमंत्री थे और मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की थी, तो जातिवाद की घृणा चरम पर पहुंच गई थी। सबसे अधिक असर बिहार में हुआ था। केन्द्र सरकार ने जातीय जनगणना का निर्णय करके विपक्ष से चुनावी हथकंडा छीन लिया है।

# अपमान: डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम नाम के फाड़े बोर्ड

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



भीम आर्मी जिला प्रभारी बी एल आर्य जी के नेतृत्व में हल्द्वानी के अनेकों सामाजिक सांगठनों द्वारा हल्द्वानी महापौर से ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जिस तरह से हल्द्वानी शहर में कई जगहों के नाम बदले गए हैं उसी क्रम में नगर निगम के पटल पर प्रस्ताव पास हुआ था कि ताज (छतरी) चौराहे का नाम भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम से रखा जाएगा नगर निगम के द्वारा ताज चौराहे पर नाम बदलने हेतु सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम से फ्लेक्सी, बैनर, फूलों आदि से सजावट कर दी गई थी परंतु ताज चौराहे पर लगाई गई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम की फ्लेक्सी बैनर पोस्टर के औपचारिक अनावरण के कार्यक्रम से कुछ देर पूर्व ही दिनांक 31 मार्च 2025 की सुबह उक्त औपचारिक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया तथा अत्यंत बेरहमी से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम के फ्लेक्सी बैनर आदि को फाड़ दिया गया और नाम बदलने की प्रक्रिया बिना किसी औपचारिक घोषणा किए गुपचुप तरीके से रद्द कर दी गई, महोदय भारत रत्न से नवाज़े गए और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब का उक्त कृत से अपमान तो हुआ ही है साथ ही हल्द्वानी के उन समस्त प्रबुद्ध जनों की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है जो स्वर्गीय डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब को अपना आदर्श मानते हैं महोदय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम पर हल्द्वानी के ताज चौराहे का नाम रखे जाने की घोषणा करना आपके द्वारा सराहनीय कार्य था परन्तु ताज चौराहे पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम की फ्लेक्सी बोर्ड इत्यादि लगा दिया जाना और फिर बिना किसी कारण के चौराहा नामकरण के संपूर्ण कार्यक्रम को रद्द कर देना डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के नाम की फ्लेक्सी बोर्ड इत्यादि को बेरहमी से फाड़ कर हटा दिया जाना डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब का सीधे तौर पर अपमानित किए जाने का कुकृत्य है इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह काम है, महोदय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब एक ऐसा नाम है जिसे समस्त भारतीय उनके नाम को लेते समय अपने आप को गौर्वान्वित महसूस करते हैं कलाम साहब को 1981 में पद्म भूषण और 1990 में पद्म विभूषण और राष्ट्र की सेवा के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान 1997 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया है वह कई अन्य पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता भी हैं और उन्होंने भारत के लिए पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग, ब्रह्मोस समेत कई मिसाइल बनाई जिससे विश्व स्तर पर भारत की साख बड़ी है, कलाम साहब को यूपीए सरकार व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के समय 2002 में भारत का राष्टपति चुना गया उन्होंने भारत के लिए बहुत योगदान दिया परंतु भारत से जो भी लिया वेतन इत्यादि के रूप में वह सब विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई व समाज सेवा में दान कर दिया, उनकी मृत्यु के बाद उनके पास से संपत्ति के नाम से केवल 6 शर्ट, 4 पेंट, 3 सूट और एक मात्र जोड़ी जूते ही मिले थे जिससे प्रतीत होता है कि उनका जीवन समाज सेवा और सादगी में ही गुज़रा है, कार्यक्रम में बीएल आर्य जिला संरक्षक भीम आर्मी, जी आर टम्टा अध्यक्ष अंबेडकर मिशन एंड फाऊंडेशन उत्तराखंड, राजेश राज अंबेडकर प्रदेश सचिव आसपा, दीपक चनियाल प्रदेश महासचिव मूलनिवासी संघ, सुंदरलाल बौद्ध जिला प्रभारी मूल निवासी संघ, आरपी गंगोला जिला अध्यक्ष मूल निवासी संघ, सिराज अहमद प्रदेश उपाध्यक्ष आसपा, नफीस अहमद खान पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, विकास कुमार चौहान नगर अध्यक्ष भीम आर्मी, नवीन मूल निवासी पूर्व जिला प्रभारी भीम आर्मी, लक्ष्मी नारायण, हरीश कुमार लोधी, जीवन आर्य, पी आर टम्टा, आर एस कुटियाल, जगदीश चंद्र आर्य फिरोज खान, आदि उपस्थित थे

## नैनीताल में बड़ती गर्मी से रात का पारा भी चढ़ने लगा

**नैनीताल ।** नैनीताल में अब गर्मी ने तेजी से सताना शुरू कर दिया है। हालत यह है कि अब दिन के साथ रात का पारा भी चढ़ने लगा है। बीरवार को अधिकतम 32 व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

बता दें कि इन दिनों नगर में दिन के समय धूप में बैठना असहनीय होने लगा है। लोग छांव में बैठे नजर आ रहे हैं। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि मई माह के पहले पखवाड़े में नैनीताल का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक रहता है जबकि न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रहता है। इस बार गर्मी शुरू होते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है जो सामान्य से ऊपर पहुंच रहा है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गयाए जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि आद्रता अधिकतम 77 व न्यूनतम 45 प्रतिशत रही।

# भीम आर्मी की एक सभा का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



भीम आर्मी की एक सभा का आयोजन किया गया, सभा की अध्यक्षता बी एल आर्या ने की संचालन नफीस अहमद खान ने किया, सभा का उद्देश्य फुले दंपत्ति द्वारा महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के संघर्षो पर आधारित फ़िल्म को उत्तराखंड में केवल देहरादून में ही दिखाया गया है।

उसे हल्द्वानी के सिनेमा घर किस तरह से चलवाया जाय क्यूंकि सिनेमा घर में एक शो चलवाने के लिए 188 टिकटों की आवश्यकता पड़ेगी, टिकट बुकिंग के लिए सभी साथियों ने एक नहीं बल्कि 2 शो चलवाने के लिए 350 से अधिक टिकट बुक करने का आह्वान किया और तुरंत ही फोन के ज़रिये लगभग 120 टिकट बुक हो गए, लक्ष्मी सिनेमा में रविवार को 11 बजे से एक बजे तक पहला शो दिखाने के बात भी हो गई, दूसरे शो के लिए संघर्ष जारी है, सभी साथियों ने परिवार सहित फुले फ़िल्म देखने पार ज़ोर दिया ख़ासकर महिलाओं को यह फ़िल्म देखनी चाहिए कि किस तरह से फुले दंपत्ति ने महिलाओं को पढ़ने लिखने के लिए संघर्ष किया, आज उन्हीं की बदौलत महिलाएं बड़े बड़े ओहदों पर पहुंची हैं, उसके बाद संगठन को मज़बूत करने के लिए सदस्य्ता अभियान चलाने पर चर्चा की गई, काफ़ी लोगों ने भीम आर्मी की सदस्य्ता दिलवाने की ज़िम्मेदारी ली और शनिवार को मंगल पड़ाव स्थित अम्बेडकर पार्क में प्रात: 11 बजे से सदस्य्ता करवाने के लिए कार्यक्रम रखने पर सहमति बन गई, सभा में बी एल आर्य, जी आर टम्टा, जगदीश चंद्र, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, विकास कुमार चौहान, शंकर लाल, सुन्दरलाल बौद्ध, फ़िरोज़ खान, जीवन चंद्र आर्य, बालकिशन राम, लक्ष्मी नारायण, हरीश लोधी, सुलेमान मलिक आदि उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## जेठानी की शूटिंग शुरू, बतौर हीरो नजर आएगा यह भोजपुरी स्टार




*रानी चटर्जी जल्द ही फिल्म जेठानी में नजर आएंगी। इस फिल्म की शुटिंग आज से शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी फिल्म के हीरो ने सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। भोजुरी एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की नई फिल्म जेठानी की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म के एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही रानी की जमकर तारीफ भी की है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म जेठानी की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं - जिस पर लिखा है - जेठानी। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किये है लेकिन पहली बार मैं उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है।*

## सेलेब्स और फैंस के मजेदार कमेंट्स

*अयाज की इस पोस्ट पर रानी ने स्माइली दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। वहीं भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने कमेंट में लिखा, भाई अब आप में आ जाओगे। शुभकामनाएं। एक फैन ने लिखा, सर शूटिंग लोकेशन क्या है, एक और फैन ने लिखा, मुझे बिहार पसंद है मुझे भोजपुरी पसंद है, एक और फैन ने लिखा, रानी जी एक भोजपुरी की लाजवाब हीरोइन है ऐसी कोई भी नहीं, एक और फैन ने लिखा, सुपर रानी चटर्जी, एक और फैन ने लिखा, खूबसूरत जोड़ा।*

# कोतवाल, वं दरोगाओं सहित 15 पुलिसकर्मी इधर से उधर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने गुरुवार देर रात को कोतवाल, वं दरोगाओं सहित अपर उप निरीक्षक को ताश के पत्तों की तरह फेट हुए इधर से उधर किया है जिसमें 15 पुलिसकर्मी शामिल है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीणा ने निरीक्षक ललिता पाण्डेय को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर एएचटीयू की जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि निरीक्षक विपिन चंद्र पाण्डेय को सम्मन सेल सीसीटीएनएस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर, थानाध्यक्ष स्तर पर भी व्यापक बदलाव किए गए हैं, दीपक सिंह बिष्ट को काठगोदाम थाने से हटाकर लालकुआं का एस एस आई का पद देकर भेजा गया है, जबकि पंकज जोशी को कालाढूंगी थाने से स्थानांतरित कर काठगोदाम थाने का प्रभारी नियुक्त किया है। विजय मेहता को मुखानी थाने से कालाढूंगी थाने की जिम्मेदारी सौपी गई है इसी क्रम में दिनेश चंद्र जोशी को मंगल पड़ाव चौकी से हटा कर मुखानी थाने का प्रभार सौंपा गया है और गौरव जोशी को कोतवाली से चौकी मंगल पड़ाव की जिम्मेदारी से नवाजा गया है।

वहीं जगदीप नेगी को टीपीनगर चौकी से मुक्तेश्वर थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। स्थानांतरण सूची में कई अन्य अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं जिनमें चौकी खेड़ा, के चौकी प्रभारी मनोज कुमार को टी पी नगर चौकी प्रभारी बनाया गया चौकी खेड़ा की जिम्मेदारी रजत कसाना को सौंप गई है। रजत कसाना इससे पूर्व में कई विवादों में रहे हैं कुँवरपुर, कैंची, थाना तल्लीताल और बेतालघाट जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पुलिस लाइन से मैदान में लौटे इन अधिकारियों को क्षेत्रीय कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की चुनौती दी गई है।

